समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक मे दिए निर्देश – समयबद्ध क्रियान्वयन हो प्राथमिकता।

Publisher

Published on 13 May 2025



## वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं को समयसीमा मे पूंरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया, 'विकसित राजस्थान 2047' की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम

सवांदाता,जयपुर,(राजस्थान)

**जयपुर :** राजस्थान के **मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा** ने **वर्ष 2025-26** की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन को लेकर **मुख्यमंत्री निवास** पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक को संबोधित किया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में की गई प्रत्येक घोषणा को पूरी प्रतिबद्धता और तय समयसीमा में लागू करना हमारी प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी टाइमलाइन तय करते हुए काम करें और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक कार्य तय समय पर पूर्ण हो। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सरकार का उद्देश्य सिर्फ योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारना और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।

**श्री शर्मा** ने बताया कि राज्य सरकार ने **वर्ष 2047** तक विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए अपने हर बजट में चहुंमुखी विकास पर बल दिया है। **शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण, कृषि** और **युवाओं** के लिए रोजगार के क्षेत्र में कई नवाचारपूर्ण योजनाओं को बजट में शामिल किया गया है।

उन्होंने कहा, "हर घर खुशहाली और आपणो अग्रणी राजस्थान केवल नारे नहीं हैं, बल्कि हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।" मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसंपर्क को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

इस बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख **सचिव, योजना विभाग, वित्त विभाग, पंचायती राज, नगरीय विकास** और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.